पत्रिका 05/11/2026
पत्रिका plus पेज नं. III

छात्राओं व महिलाओं के स्वनिर्मित उत्पादों की लगी प्रदर्शनी

सरोजिनी नायडू कॉलेज में हुआ तीन दिवसीय दीपोत्सव मेले का आयोजन

भोपाल. सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय तत्वावधान में तीन दिवसीय दीपोत्सव मेले का आयोजन किया गया। यह मेला तीन नवंबर से पांच नवंबर तक विवेकानंद सभागार में प्रातः 11 बजे से शाम चार बजे तक आयोजित हुआ। इस मेले में छात्राओं, एनसीसी की छात्राओं और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अपने स्वनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय के लिए निःशुल्क स्टॉल लगाने का अवसर दिया गया। छात्राओं ने दीपोत्सव से जुड़े विभिन्न सुंदर और कलात्मक उत्पाद प्रदर्शित किए। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. इंदिरा जावेद और 'अर्न वाइल यू लर्न' की संयोजक डॉ. लक्ष्मी अग्निहोत्री का विशेष योगदान रहा, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

